**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 20.06.2025** **समय : 07.10pm**

## मुख्य समाचार

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापट्टनम में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा–हमारी सरकार गौपालकों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध।
- उपयोगित जल प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला 26 जून से इन्दौर में।
- अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार से........**

**योग दिवस– देश**

संस्कृति मंत्रालय कल देश के 100 प्रतिष्ठित पर्यटन और 50 सांस्कृतिक स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में मुख्य समारोह में शामिल होगे। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल जैसे चराइदेव मैदान–असम, रानी की वाव और धोलावीरा–गुजरात, हम्पी और पट्टाडकल–कर्नाटक, खजुराहो स्मारक समूह और सांची स्तूप–मध्य प्रदेश, कोणार्क में सूर्य मंदिर,एलिफेंटा गुफाएं और तंजावुर के बृहदेश्वर मंदिर में भी कार्यक्रम होगें।

**योग दिवस–प्रदेश**

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल प्रदेश में भी सभी शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन सुबह 6 बजे से 7 बजकर 45 मिनट तक होगा। इसमें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के उद्बोधन कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में टीटी नगर स्थित अटल पथ पर आयोजित "राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम" में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संबोधन भी होगा। इंदौर के राजवाड़ा पर आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल होंगे।

जबलपुर में रानीताल स्थित खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि होंगे। धार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर शामिल होंगी। खंडवा, रायसेन,शिवपुरी सहित अन्य जिलों में भी विश्व योग दिवस का आयोजन किया जायेगा ।

आकाशवाणी ने भी आम लोगों से योग करने की अपील की है।

**गौशाला सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज निवास पर आयोजित "राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन" में गौशालाओं में गौवंश के बेहतर व्यवस्थापन के लिए 89 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक द्वारा अंतरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के गौ–पालकों एवं गौशाला संचालकों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के पशुपालन विभाग को गौपालन विभाग के नाम से भी जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में गौपालन का महत्वपूर्ण योगदान है, हमारी सरकार गौपालन को बढ़ावा देकर गौपालकों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीव दया गौ–सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गौ–शालाओं एवं संस्थाओं को गौ–सेवा पुरस्कार प्रदान किए गये।

**राष्ट्रीय कार्यशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल उज्जैन के डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में "खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद शामिल होंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री यहां बने डिजिटल अत्याधुनिक तारामंडल का लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान अनेक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा प्रमुख हैं। कार्यशाला भारतीय खगोलशास्त्र की परंपरा और उसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता पर केंद्रित होगी। विशेषज्ञों द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक विज्ञान के समन्वय पर विस्तृत विचार–विमर्श किया जाएगा।

**शिवराज–सहकारिता**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि सहकारिता की भावना हजारों वर्षों से भारत की धरती में समााहित है। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर मुम्बई में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की रगों में सर्वजन कल्याण की भावना प्रवाहित है, जो सहकारिता का सार है।

श्री चौहान ने केन्द्र द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। इसका उद्देश्य कृषि आय में वृद्धि, कृषि–सहबद्ध उद्योगों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि और टिकाऊ खेती के माध्यम से पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना है।

**जल प्रबंधन**

उपयोगित जल प्रबंधन पर इंदौर में 2 दिवसीय कार्यशाला 26 जून से ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई है। कार्यशाला में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के उपयोगित जल प्रबंधन से संबंधित इंजीनियर शामिल होंगे। कार्यशाला उपयोगित जल के प्रभावी प्रबंधन, नवीन तकनीकों और नीति निर्माण से जुड़े पहलुओं पर केन्द्रित रहेगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि कार्यशाला नगरीय जल सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में एक सार्थक पहल साबित होगी।

## दीक्षांत समारोह

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सागर स्थित डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के 33वे दीक्षांत समारोह में वर्चुअली शामिल हुए। समारोह में स्नातकोत्तर में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में श्री गडकरी ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए हर क्षेत्र में विकास जरूरी है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को मानद डी लिट की उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं विश्वविद्यालय के 957 छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई।

## मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान धार,खंडवा,मंदसौर,नीमच,रतलाम, अशोकनगर,शिवपुरी,राजगढ़, पन्ना,सिंगरौली,छतरपुर, रीवा और मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश के ऊपर एक लो प्रेशर एरिया सक्रिय है, साथ ही तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और दो ट्रफ लाइनें प्रभावी हैं, जिनमें से एक ट्रफ सीधे मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। इसके चलते चार दिनों तक पूरे प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

# समाचार संक्षेप में

- रायसेन जिले में कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित ग्रामों में आयोजित किए जा रहे शिविरों के सफल और प्रभावी आयोजन के लिये निर्देश दिए।
- छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड बिछुआ के ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नर्सरी का निर्माण किया जा रहा है।
- नीमच जिले में जल गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर ने जल संचयन से संबंधित समस्त कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश सभी उपयंत्रियों को दिए।
- अनूपपुर के शासकीय तुलसी महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत "नशा एक अभिशाप, युवा पीढ़ी का विनाश" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल 1 जून से 21 जून, तक संचालित राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन कल दोपहर 3:00 बजे होगा।
- खण्डवा जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय छैगांवदेवी व संदीपनि शासकीय माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक स्कूल में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- धार जिले में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आज जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025–26 म.प्र.राज्य शूटिंग **अकादमी भोपाल में प्रवेश के लिए 09 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग तक के** बालक बालिका खिलाड़ियों का स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा में शूटिंग अकादमी में प्रवेश हेतु चयन ट्रॉयल लिया गया।

- भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में इग्लैण्ड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारत ने समाचार मिलने तक .2.. विकेट के नुकसान पर 165. रन बना लिये हैं।

..........................................